# 9 पंचायती राज

1. निम्नलिखित में कौनसा सही सुमेलित नहीं है?
(1) अनुच्छेद 243 (क) – ग्रामसभा
(2) अनुच्छेद 243 (ग) – पंचायतों की संरचना
(3) अनुच्छेद 243 (घ) – स्थानों का आरक्षण
(4) अनुच्छेद 243 (ख) – पंचायतों के लिए निर्वाचन (4)

**व्याख्या–** अनुच्छेद 243 (ख) में पंचायतों के गठन का उल्लेख किया गया है।

2. संविधान का कौनसा अनुच्छेद पंचायत में महिलाओं के लिए एक तिहाई प्रतिनिधित्व की गारंटी देता है?
(1) अनुच्छेद 243 (घ)    (2) अनुच्छेद 243 (क)
(3) अनुच्छेद 243 (ख)    (4) अनुच्छेद 243 (ड़) (1)

**व्याख्या–** अनुच्छेद 243 (घ) में महिलाओं के लिए 1/3 (33%) आरक्षण का प्रावधान है, किन्तु राजस्थान में 2009 से महिलाओं के लिए 50% आरक्षण का प्रावधान किया गया जो कि वर्ष 2010 के चुनावों में लागू हुआ।

3. भारतीय संविधान की 11वीं अनुसूची में पंचायत के लिए कितने विषय दिए गए हैं?
(1) 26    (2) 29
(3) 27    (4) 28 (2)

**व्याख्या–** 73वां संविधान संशोधन अधिनियम 1992 के अंतर्गत संविधान में भाग 9, अनुच्छेद 243 (कुल 16 अनुच्छेद) जोड़ा तथा 11वीं अनुसूची जोड़ी, जिसमें 29 विषय हैं। इन विषयों पर विधि बनाने की शक्ति पंचायतीराज को है।

4. निम्नलिखित संवैधानिक अनुच्छेदों में से कौनसा अनुच्छेद पंचायत के बारे में 73वें संविधान संशोधन द्वारा जोड़ा गया था?
(1) अनुच्छेद 243 से 243 (ण)
(2) अनुच्छेद 243 से 243 (झ)
(3) अनुच्छेद 243 से 243 (क, ख)
(4) अनुच्छेद 244 से 244 (ण) (1)

**व्याख्या–** 73वां संविधान संशोधन अधिनियम 1992 के द्वारा संविधान के अनुच्छेद 243 से 243 (ण) तक को 9वें भाग के रूप में जोड़कर 11वीं अनुसूची के अंतर्गत पंचायतीराज को संवैधानिक दर्जा दिया गया।

5. पंडित जवाहर लाल नेहरू ने पंचायतीराज को ........... कहा है।
(1) लोकतंत्र की शक्ति    (2) लोकतंत्र की पाठशाला
(3) लोकतंत्र की नींव    (4) राजतंत्र की शक्ति (2)

6. भारत में स्थानीय स्वशासन का जनक किसे कहा जाता है?
(1) लॉर्ड मेयो    (2) विलयम बैंटिंग
(3) लॉर्ड रिपन    (4) कॉर्नवॉलिस (3)

**व्याख्या–** 1882 में लॉर्ड रिपन ने स्थानीय स्वशासन का प्रस्ताव पारित करवाया। रिपन के इस प्रस्ताव को स्थानीय स्वशासन का 'मेग्नाकार्टा' भी कहा जाता है।

7. राजस्थान राज्य में सादिक अली समिति का सम्बन्ध रहा है?
(1) सहकारी राज व्यवस्था के अध्ययन से
(2) मुस्लिम समुदाय की समस्या के अध्ययन से
(3) उच्च शिक्षा की स्थिती के अध्ययन से
(4) पंचायती राज व्यवस्था के अध्ययन से (4)

**व्याख्या–** पंचायती राज प्रणाली का अध्ययन कर उसमें सुधार हेतु सुझाव देने के लिए 1964 में सादिक अली समिति ने प्रधान व जिला प्रमुख के चुनाव वृहत्तर निर्वाचक मण्डल द्वारा करवाने का सुझाव दिया।

8. निम्नलिखित में से किसका संबंध 73वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1992 से है?
(1) नगर पालिकाएँ    (2) पंचायती राज
(3) दलबदल विरोधी कानून    (4) मौलिक कर्तव्य (2)

9. सर्वप्रथम पंचायती राज व्यवस्था को लागू करने वाला राज्य है?
(1) आन्ध्रप्रदेश    (2) उत्तर प्रदेश
(3) राजस्थान    (4) गुजरात (3)

**व्याख्या–** 2 अक्टूबर, 1959 को नागौर के बगदरी गाँव से देश की पहली पंचायत की नींव रखी गई जिसका उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री पण्डित जवाहर लाल नेहरू ने किया। इस प्रकार राजस्थान देश का पहला राज्य बन गया जहाँ पंचायतीराज की शुरुआत की गई।

10. 'राष्ट्रीय पंचायत दिवस' कब मनाया जाता है?
(1) 23 अप्रैल    (2) 25 अप्रैल
(3) 24 अप्रैल    (4) 22 अप्रैल (3)

11. राजस्थान में पंचायती राज व्यवस्था के कितने स्तर है?
(1) एक    (2) तीन    (3) चार    (4) दो (2)

**व्याख्या–** राजस्थान में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था है–
1. निम्नत्तम स्तर– ग्राम पंचायत    2. मध्य स्तर– पंचायत समिति
3. शीर्ष स्तर– जिला परिषद्

12. हरलाल सिंह खर्रा समिति का गठन कब किया गया था?
(1) वर्ष 1988    (2) वर्ष 1957
(3) वर्ष 2010    (4) वर्ष 2011 (1)

13. राजस्थान में पंचायती राज के संदर्भ में सही युग्म पहचानिये–
(1) स्वतंत्रता पश्चात् राजस्थान ग्राम पंचायत अधिनियम का निर्माण– 1949
(2) सादिक अली समिति का गठन– 1962
(3) स्वतंत्रता पश्चात् राजस्थान पंचायती राज विभाग की स्थापना– 1952
(4) गिरधारी लाल व्यास समिति का गठन– 1973 (4)

**व्याख्या–** गिरधारी लाल व्यास समिति ने ग्राम विकास अधिकारी/सचिव के पद को सृजित करने की सिफारिश की थी।

14. संविधान का कौनसा भाग पंचायत से सम्बन्धित है?
(1) भाग–4    (2) भाग–8
(3) भाग–9    (4) भाग–10 (3)

15. राजस्थान में पंचायत राज अधिनियम कब से लागू किया गया था?
(1) 24 अप्रैल, 1994 (2) 23 अप्रैल, 1994
(3) 24 अप्रैल, 1993 (4) 23 अप्रैल, 1993 (2)

16. संविधान का कौनसा अनुच्छेद पंचायतों की शक्तियाँ, अधिकार और जिम्मेदारियों से संबंधित है?
(1) अनुच्छेद 243 (छ) (2) अनुच्छेद 243 (ग)
(3) अनुच्छेद 243 (ण) (4) अनुच्छेद 243 (झ) (1)

17. देश में पहली बार किस वर्ष पंचायती राज दिवस मनाया जाना प्रारंभ किया गया था?
(1) वर्ष 2005 (2) वर्ष 2009
(3) वर्ष 2007 (4) वर्ष 2010 (4)

**व्याख्या–** देश में पहली बार 24 अप्रैल, 2010 को पंचायती राज दिवस मनाया जाना प्रारम्भ किया।

18. राज्य में पंचायती राज के प्रथम चुनाव किस वर्ष हुए थे?
(1) 1970 (2) 1957
(3) 1960 (4) 1973 (3)

19. राजस्थान पंचायती राज व्यवस्था में शासन प्रणाली की व्यवस्था क्या है?
(1) ग्राम स्तर पर स्थानीय स्वशासन की एकस्तरीय संरचना
(2) ग्राम, खंड और जिला स्तर पर स्थानीय स्वशासन की त्रिस्तरीय संरचना।
(3) ग्राम,खंड स्तर पर स्थानीय स्वशासन की द्विस्तरीय संरचना
(4) ग्राम, खंड, जिला और राज्य स्तर पर स्थानीय स्वशासन की चतुःस्तरीय संरचना (2)

20. राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 की किस धारा को शोधित कर 'ग्राम सेवक' के स्थान पर 'ग्राम विकास अधिकारी' अभिव्यक्ति को प्रतिस्थापित किया गया है?
(1) 88 (2) 89 (3) 90 (4) 91 (2)

21. किस अनुच्छेद के तहत पंचायतों को संवैधानिक दर्जा दिया गया?
(1) अनुच्छेद 252 (2) अनुच्छेद 214
(3) अनुच्छेद 243 (4) अनुच्छेद 234 (3)

22. राजस्थान पंचायती राज (उपबन्धों का अनुसूचित क्षेत्रों में उनके लागू होने के संबंध में उपान्तरण) नियम, 2011 के अन्तर्गत निम्नांकित में से कौन–सी परिस्थिति में ग्राम सभा की विशेष बैठक बुलायी जा सकती है?
(1) ग्राम सभा के कुल सदस्यों में से कम से कम 5 प्रतिशत या 25 सदस्यों, इसमें से जो भी अधिक हो, द्वारा सचिव को दी गयी लिखित सूचना के आधार पर।
(2) ग्राम सभा के कुल सदस्यों में से कम से कम 10 प्रतिशत या 25 सदस्यों, इसमें से जो भी अधिक हो, द्वारा सचिव को दी गयी लिखित सूचना के आधार पर।
(3) ग्राम सभा के कुल सदस्यों में से कम से कम 5 प्रतिशत या 50 सदस्यों, इसमें से जो भी अधिक हो, द्वारा सचिव को दी गयी लिखित सूचना के आधार पर।
(4) ग्राम सभा के कुल सदस्यों में से कम से कम 10 प्रतिशत या 50 सदस्यों, इसमें से जो भी अधिक हो, द्वारा सचिव को दी गयी लिखित सूचना के आधार पर। (1)

23. राजस्थान में पंचायती राज पद्धति को अपनाने की तिथि है?
(1) 26 जनवरी, 1958 (2) 15 अगस्त, 1994
(3) 24 अप्रैल, 1994 (4) 02 अक्टूबर, 1959 (4)

**व्याख्या–** बलवंतराय मेहता समिति की सिफारिशों के आधार पर 02 अक्टूबर, 1959 को नागौर के बगदरी गाँव में देश की पहली पंचायत की नींव रखी गई।

24. वर्ष 2024 तक राजस्थान में पंचायतीराज संस्थाओं के लिए कितनी बार चुनाव आयोजित किए गए?
(1) 10 बार (2) 13 बार
(3) 15 बार (4) 11 बार (4)

25. भारतीय संविधान के कौनसे अनुच्छेद में 'ग्राम सभा' की परिभाषा है?
(1) अनुच्छेद–243 (ख) (2) अनुच्छेद –243
(3) अनुच्छेद–243 (क) (4) अनुच्छेद–243 (ग) (2)

**व्याख्या–** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243 में जिला, ग्राम पंचायत, मध्यवर्ती स्तर, पंचायत, पंचायत क्षेत्र, जनसंख्या ग्राम आदि की परिभाषाएँ उल्लेखित है।

26. पंचायत राज के संबंध में निम्न में कौनसा (प्रावधान–अनुच्छेद) युग्म गलत है?
(1) वित्तीय स्थिति के पुनर्विलोकन के लिए वित्त–आयोग का गठन–243 (झ)
(2) पंचायतों के लिए निर्वाचन – 243 (क)
(3) स्थानों का आरक्षण – 243 (घ)
(4) पंचायतों की अवधि – 243 (ड़) (2)

**व्याख्या–** पंचायतों के लिए निर्वाचन का प्रावधान अनुच्छेद–243 (ट) में किया गया है।

27. निम्नलिखित में से कौन–सा अधिनियम/नियम राजस्थान में ग्राम सभा की संयुक्त बैठकों का प्रावधान करता है?
(1) राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994
(2) राजस्थान पंचायती राज नियम, 1996
(3) राजस्थान पंचायती राज (उपबन्धों का अनुसूचित क्षेत्रों में लागू होने के सम्बन्ध में उपान्तरण) अधिनियम, 1999
(4) राजस्थान पंचायती राज (उपबन्धों का अनुसूचित क्षेत्रों में लागू होने के सम्बन्ध में उपान्तरण) नियम, 2011 (4)

**व्याख्या–** राजस्थान पंचायती राज (उपबन्धों का अनुसूचित क्षेत्रों में लागू होने के सम्बन्ध में उपान्तरण) नियम, 2011 में राजस्थान में ग्राम सभा की संयुक्त बैठकों का प्रावधान है। जिसकी अध्यक्षता सरपंच द्वारा की जायेगी।

28. सरपंच अपना त्यागपत्र किसको सौंपता है?
(1) पंचायत समिति के विकास अधिकारी को
(2) वार्ड पंच को
(3) उप सरपंच को
(4) जिला अधिकारी को (1)

29. बलवंत राय मेहता समिति का संबंध है?
(1) राज्य प्रशासन
(2) स्थानीय स्वशासन/पंचायती राज
(3) केन्द्र राज्य संबंध
(4) राजस्व सुधार (2)

**व्याख्या–** बलवंत राय मेहता समिति का गठन जनवरी 1957 में प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के समय योजना आयोग द्वारा किया गया तथा इसकी रिपोर्ट नवम्बर 1957 में आई। इसके अध्यक्ष बलवंत राय मेहता थे, जिन्हे लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण का जनक माना जाता है।

30. देश में त्रि–स्तरीय पंचायती राज प्रणाली का प्रारंभ करने वाला राजस्थान............... राज्य था?
(1) दूसरा (2) तीसरा
(3) पहला (4) चौथा (3)

Lead, Read and Achieve
Dhindhwal Publication

# राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –










टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।